प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-
(पत्रांक-58/2026 दिनांक 27.02.2026)
दिनांक-27.02.2026 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-

थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा अपहरण के मामले में 1 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

जनपद कुशीनगर में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.02.2026 को थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 048/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शमसाद आलम पुत्र नजीबुल्ला निवासी पिपरा कनक थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोगः-
मु0अ0सं0 048/2026 धारा 137(2)/87 बीएनएस थाना विशुनपुर जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार अभियुक्त-
शमसाद आलम पुत्र नजीबुल्ला निवासी पिपरा कनक थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर

गिरफ्तार करने वाली टीमः-
1.थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
2.उ0नि0 महेन्द्र यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
3.का0 कन्हैया यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर
4.का0 उपेन्द्र यादव थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर

चोरी की घटना सफल अनावरण, चोरी गये सामान के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद कुशीनगर में अपराध एवं अपराधियो के

Edit with WPS Office

विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.02.2026 को थाना कोतवाली पडरौना व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा मु0अ0सं0 31/2026 व मु0अ0सं0 44/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस थाना कोतवाली पडरौना से सम्बन्धित अभियुक्त पवन पुत्र लतुरी निवासी सेहरा पुख्ता थाना दातागंज जनपद बदायूं को बलरामपुर से बहराईच जाने वाले मार्ग के पास से चोरी गये सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण-

पूछताछ पर अभियुक्त पवन पुत्र लुतरी साकिन सेहरा पुख्ता थाना दातागंज जनपद बदायूं द्वारा बताया गया कि साहब हम लोग मिलकर एक गैंग चलाते है जिसका नाम पंखिया गैंग है, जिसका सरगना रमेश प्रधान पुत्र रामसिंह निवासी चन्दोखा चिता पुख्ता थाना दातागंज जनपद बदायूं है, जिसके साथ मिलकर चोरी चकारी करते है। इनके अलावा भी हमारे गैंग मे अन्य लोग है। हम लोग एक साथ बदायूं से निकलकर दूर जनपदो में जाकर सड़क के किनारे के घरो में घुसकर चोरी करते है, इसीलिए दूसरे जिलो में चोरी करने के कारण पुलिस हम तक नही पहुंच पाती है तथा जेवरात व नगदी लेकर वहां से लेकर निकल जाते है। हमलोग अपने उस्ताद रमेश प्रधान व उनके साथियो के साथ मिलकर बदायूं, शाहजहांपुर, कन्नौज, कुशीनगर सहित कई जगह चोरियां कर चुके है तथा मै अभी तक कही पर पकड़ा नही गया था।

पंजीकृत अभियोग-

1-मु0अ0सं0 31/2026 धारा- 331(3)/305/317(2) बीएनएस थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर ।
2-मु0अ0सं0 44/2026 धारा- 331(3)/305/317(2) बीएनएस थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर ।
3-मु0अ0सं0 10/2026 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर ।
4-मु0अ0सं0 49/2026 धारा 305/331(4) बीएनएस थाना विशुनपुरा जनपद कुशीनगर ।

गिरफ्तार अभियुक्त-

पवन पुत्र लतुरी निवासी सेहरा पुख्ता थानता दातागंज जनपद बदायूं उम्र करीब 23 वर्ष

बरामदगी विवरण-

Edit with WPS Office

1-. कुल 19630/- रूपये नगद
2-. घटना में प्रयुक्त 01 अदद स्मार्ट फोन वीवो आसमानी रंग

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीम-
1-प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर
2-उ0नि0 अखिलेश कुमार चौकी प्रभारी सिधुआ थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर
3-उ0नि0 शैलेन्द्र मिश्रा चौकी प्रभारी मिश्रौली थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर
4-उ0नि0 शन्नी दूबे प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर
5-क0आ0ग्रेड बी शम्मी कुमार सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर
6-का0 देवनरायम यादव थाना को0 पडरौना जनपद कुशीनगर ।

शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 36 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही एक नजर में=
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-49 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-48, व्यक्ति-194
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(02)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-38)

सोशल मीडिया सेल
जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office